bfrgkl

d{kk&7

v/;k; & 1

fiNyh d{kk esa vkius i<k

1. आदि मानव के औजार बने होते थे– .
(अ) लोहे के
(ब) लकड़ी और पत्थरों के
(स) केवल पत्थरों के
(द) केवल लकड़ी के

2. आर्य संस्कृति विकसित हुई–
(अ) गंगा यमुना नदी के किनारे
(ब) महानदी व पैरी नदी के किनारे
(स) खारून व शिवनाथ के किनारे
(द) सोन व नर्मदा नदी के किनारे

3. आर्य संस्कृति के क्षेत्र को कहते हैं–
(अ) मध्यप्रदेश
(ब) उत्तर प्रदेश
(स) सप्तसिंधु प्रदेश
(द) हिमाचल प्रदेश

4. आर्यो का मुख्य काम था–
(अ) खेती करना
(ब) पशु पालन
(स) व्यापार
(द) बागवानी

5. आर्य अपने देवी देवताओं के लिए करते थे–
(अ) यज्ञ
(ब) मंदिर बनवाना
(स) आरती
(द) भजन

6. कौशल, वत्स, और मगध सबसे शक्तिशाली थे–
(अ) जिला
(ब) जनपद
(स) महाजनपद
(द) राज्य

7. महाजनपद काल में धातुओं का प्रचलन हुआ–
(अ) सिक्कों में
(ब) मूर्तियों में
(स) नोटों में
(द) टकसालों में

8. आर्यो की भाषा थी–
(अ) अरबी
(ब) फारसी
(स) उर्दू
(द) संस्कृत

9. छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर स्थित है–
(अ) डोंगरगढ़ में
(ब) बारसूर में
(स) सिरपुर में
(द) शिवरीनारायण में

प्रदत्त कार्य–

1. सिरपुर के बारे में निम्न बिन्दुओं पर जानकारी एकत्रित करिए एवं संबंधित चित्रों का भी संकलन कीजिए–
   - कहाँ स्थित है।
   - आपके जिले/शहर से कितने किलोमीटर दूर है
   - आपके शहर से सिरपुर तक जाने के कौन–कौन से साधन है।
   - सिरपुर का ऐतिहासिक महत्व क्या है?
   - सिरपुर में कौन–कौन से दर्शनीय स्थल है?
   - सिरपुर के संरक्षण हेतु सरकार द्वारा कौन–कौन से उपाय किए गए है?
2. भारत के नक्शे में सिंधु, सतलज, झेलम ,एवं व्यास नदियों को दर्शाओ?

v/;k; &2

NkV&NkV jkT;k dk fodkl

1. राष्ट्रकूट वंश के शासक चालुक्य राजाओं के–

(अ) कर्मचारी थे (ब) अधिकारी थे

(स) सामंत थे (द) मंत्री थे

2. त्रिपुरी राज्य के कल्चुरियों ने अपना शासन स्थापित किया–

(अ) छत्तीसगढ़ (ब) उड़ीसा

(स) महाराष्ट्र (द) आंध्रप्रदेश

3. प्राचीन राजवंशों ने अपने को श्रेष्ठ और ऊँचा सिद्ध करने के लिए अपने वंश का संबंध जोड़ा–

(अ) देवताओं व ऋषियों से (ब) गांवों व शहरों से

(स) अपने नाम के जगहों से (द) देश व राज्य से

4. छत्तीसगढ़ के कल्चुरी शासक रत्नदेव तृतीय का दान देने के रूप में प्रमाण प्राप्त हुआ है–

(अ) भोज पत्र में (ब) ताम्रपत्र में

(स) शिलालेख में (द) स्मारक में

5. खैरागढ़ के राजा लक्ष्मीनिधि राय के दरबार में कवि थे–

(अ) दलराम राव (ब) विनयशरण

(स) दिनेश राव (द) रामचरण राव

6. छत्तीसढ़ नाम का पहली बार उपयोग किसने किया–

(अ) कल्चुरी राजा ने. (ब) रतनपुर के शासक ने

(स) कवि दलराम राव ने (द) राजा लक्ष्मीनिधि ने

7. राजाओं के शासन में .भाटों का कार्य था–

(अ) राजाओं का यश गान करना (ब) कृषि करना

(स) किसानों से लगान वसूल करना (द) अश्वमेघ यज्ञ करना

8. छत्तीसगढ़ नाम का प्रयोग सर्वप्रथम कहाँ किया गया–

(अ) अश्वमेघ यज्ञ के समय

(ब) दलराम राव ने अपनी कविता में

(स) विभिन्न राजवंशों ने राज्य जीतने पर

(द) ब्राम्हणों ने प्राप्त दान दक्षिणा के समय

9. भारत के विभिन्न स्थानों पर शासित सन 650 से 1200 ई. तक के राजवंशों के नाम लिखो?

10. सन् 650 से 1200 ई.तक छत्तीसगढ़ में किस वंश के राजाओं ने राज्य किया उनके नाम पता कर लिखो?

11. अलबरूनी कौन था वह भारत क्यों आया था?
12. चोल राजाओं ने समुद्र पार कर किन–किन देशों पर चढाई की थी?
13. कन्नौज पर अधिकार के लिए किन–किन राजवंशों के बीच कितने समय तक लड़ाई हुआ

14. सही जोड़ी–

राजा भोज	परमार वंश
महमूद गजनवी	मध्य एशिया का शक्तिशाली शासक
अलबरूनी	ताहकीक ए हिन्द (अरबी भाषा)
चोल वंश	दक्षिण भारत का शक्तिशाली राजवंश
राजा राज चोल	राजराजेश्वर मंदिर
चोल राजाओं	थल और जल सेना

प्रदत्त कार्य–

आपके आसपास या आपके जिले में कल्चुरी वंश के समय का कोई इमारत या मंदिर हो तो पता कर उसके बारे में विस्तार से लिखो।

v/;k; &3

thou e vk;k cnyko

1. **मंदिरों को गांव देने की प्रथा को कहते थे–**
(अ) ब्रम्हदान (ब) देवदान
(स) पल्ली (द) पंचकुल
2. **दक्षिण भारत में कई गांव मिलकर नाडू बनाते थे। इस नाडू का कार्य था–**
(अ) लगान इकट्ठा करना (ब) दंड देना
(स) झगड़े निपटाना (द) उपरोक्त सभी
3. **भक्ति आंदोलन की शुरुआत हुई–**
(अ) तमिलनाडू (ब) वाराणसी
(स) उज्जैन (द) रामेश्वरम्
4. **भक्ति काल की विशेषता थी–**
(अ) सभी देवी देवताओं की पूजा करते थे
(ब) केवल शिव व विष्णु की ही उपासना करते थे
(स) ब्राम्हण ही पूजा करते थे
(द) लगान से प्राप्त धन को मंदिरों में खर्च करते थे
5. **भक्ति काल के शिव भक्तों को कहा जाता था–**
(अ) आलवार (ब) नायनार
(स) महेश्वर (द) शिव भक्त
6. **महिलाओं पर अनेक पाबंदिया थी–**
(अ) वैदिक काल में (ब) मुगल काल में
(स) अंग्रेजों के शासन काल में (द) 650 ई से 1200 ई तक
7. **कोणार्क का सूर्य मंदिर है–**
(अ) उड़ीसा में (ब) कर्नाटक मे
(स) तमिलनाडू में (द) केरल में
8. **रतनपुर का महामाया मंदिर बनवाया था–**
(अ) कल्चुरी शासकों ने (ब) नागवंशी शासको ने
(स) छिंद शासकों ने (द) चोल शासकों ने
9. **गांवों की समस्या को सुलझाने के लिए निर्मित पंचकुल के सदस्य होते थे–**
(अ) कृषक परिवार के मुखिया (ब) राजपरिवार के मुखिया
(स) सांमत (द) सेना के प्रमुख
10. भक्ति काल में क्षेत्रीय भाषाओं का क्या योगदान था?
11. घुमक्कड़ लोग, पंचकुल, उर, नाडू, ब्रम्हदेव, देवदान, मंडपिक, वीथियां, नायनार, आलवार ये शब्द किससे संबंधित है इन पर दो दो वाक्य लिखो?

प्रदत्त कार्य–

छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल भोरमदेव के बारे में निम्न बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित करो–

- भोरमदेव किस जिले में स्थित है?
- आपके जिले से यह कितनी दूर स्थित है व किन–किन साधनों से जाया जा सकता है?
- यह मंदिर किसने व कब बनवाया?
- मंदिर का निर्माण किन–किन चीजों से हुआ है?
- मंदिर में किसकी प्रतिमा स्थित है?
- मंदिर की मुख्य विशेषताएं क्या–क्या है?
- मंदिर के संरक्षण हेतु सरकार द्वारा क्या–क्या प्रयास किए गए है?
- यदि आप पिकनिक हेतु इस स्थान पर जाओगे तो किन–किन बातों का ध्यान रखोगे?

v/;k; &4

fnYyh lYrur dh LFkkiuk

1 सन् 1206 ई. से 1290 ई तक दिल्ली सल्तनत का कार्यकाल था–

(अ) 83 वर्ष (ब) 84 वर्ष

(स) 94 वर्ष (द) 95 वर्ष

2. **दिल्ली सल्तनत था–**

(अ) पुर्तगालियों का राज्य (ब) मुगलों का राज्य

(स) तुर्कों का राज्य (द) यूनानियों का राज्य

3. **अरबी भाषा में शासक को कहा जाता है–**

(अ) राजा (ब) सुल्तान

(स) शासक (द) नवाब

4. **भारत में आने वाले गोर के सुल्तान का नाम था?–**

(अ) मुहम्मद गोरी (ब) मुहम्मद बिन तुगलक

(स) इल्तुतमिश (द) कुतुबुद्दीन ऐबक

5. **मुहम्मद गोरी और पृथ्वीराज चौहान के मध्य प्रथम युद्ध कहां हुआ था? (1191 ई.)**

(अ) हल्दी घाटी (ब) पानीपत

(स) तराईन (द) अजमेर

6. **मुहम्मद गोरी और पृथ्वीराज चौहान के मध्य द्वितीय युद्ध हुआ था? (समय–1192 ई)**

(अ) पानीपत (ब) अजमेर

(स) तराईन (द) हल्दीघाटी

7. **तराईन के दूसरे युद्ध के बाद दिल्ली में राज्य स्थापित हुआ–**

(अ) मराठों का (ब) मुगलों का

(स) राजपूतों का (द) तुर्कों का

8. **मुहम्मद गोरी की मुत्यु के बाद दिल्ली का सुल्तान बना–**

(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) मुहम्मद बिन तुगलक

(स) शेरशाह सूरी (द) रजिया सुल्तान

9. **दिल्ली का पहला सुल्तान था–**

(अ) बलवन (ब) कुतुबुद्दीन ऐबक

(स) मुहम्मद बिन तुगलक (द) मुहम्मद गोरी

10. **कुतुबमीनार का निर्माण प्रारंभ कराया–**

(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) बलवन

(स) रजिया सुल्तान (द) इल्तुतमिश

11. **कुतुबमीनार का निर्माण कार्य पूर्ण कराया–**

(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) बलवन

(स) इल्तुतमिश (द) रजिया सुल्तान

12. **रजिया सुल्तान इल्तुतमिश की कौन थी–**
    (अ) बेटी (ब) पटरानी
    (स) माँ (द) बहन
13. **दिल्ली की गद्दी पर बैठने वाली एकमात्र महिला शासक थी–**
    (अ) लक्ष्मीबाई (ब) रजिया सुल्तान
    (स) अवंति बाई (द) दुर्गावती
14. **तुर्क सरदारों का रजिया सुल्तान को गद्दी पर बैठाने का उद्देश्य था–**
    (अ) अपने स्वार्थ की पूर्ति हेतु (ब) कुशल प्रशासन हेतु
    (स) सामंतो से बदलना लेने हेतु (द) रजिया में ज्यादा प्रशासनिक क्षमता थी
15. **रजिया के बाद दिल्ली का सुल्तान था–**
    (अ) अलाउद्दीन खिलजी (ब) गयासुद्दीन बलवन
    (स) आमीर (द) कैकुबाद
16. **गुलामवंश का अंतिम शासक था–**
    (अ) बलवन (ब) इल्तुतमिश
    (स) रजिया बेगम (द) कैकुबाद
17. **तुर्क सुल्तानों के शासनकाल में दिल्ली पर किस मंगोल आक्रमणकारी के आक्रमण हुए–**
    (अ) शेर खाँ (ब) चंगेज खाँ
    (स) बैरम खाँ (द) आदम खां

18. तराईन के प्रथम युद्ध में किसकी जीत हुई?
19. तराईन का प्रथम युद्ध किसके–किसके मध्य हुआ?
20. .तराईन के द्वितीय युद्ध में किसकी हार हुई?
21. तुर्क अपने साथ भारत में क्या–क्या लेकर आये?
22. मुहम्मद गोरी ने अपने राज्य का विस्तार दिल्ली की ओर क्यों किया?
23. पृथ्वीराज और मुहम्मद गोरी की सेनाओं का विस्तृत वर्णन करें?
24. ''गुलाम'' किसे कहते थे एवं उनका क्या कार्य था?
25. इल्तुतमिश के सामने किस–किस प्रकार की समस्याएँ थी?
26. तुर्क सरदारों द्वारा रजिया की हत्या क्यों की गई?
27. गयासुद्दीन बलवन की शासन व्यवस्था पर टिप्पणी लिखें।

प्रदत्त कार्य–

- भारत के मानचित्र में दिल्ली सल्तनत को दर्शाते हुए रंग भरो।

v/;k; &5

fnYyh lYrur dk foLrkj

1. **बलवन की मृत्यु के बाद दिल्ली का सुल्तान बना–**
   (अ) अलाउद्दीन खल्जी (ब) जलालुद्दीन खल्जी
   (स) सलालुद्दीन खल्जी (द) मुहम्मद गोरी
2. **तारीख–ए–फिरोजशाह नामक पुस्तक के लेखक–**
   (अ) अमीर खुसरो (ब) अलबरुनी
   (स) रहीम खानखाना (द) चंदबरदाई
3. **तारीख–ए–फिरोजशाह नामक पुस्तक से किसके बारे में जानकारी प्राप्त होती है–**
   (अ) अलाउद्दीन खल्जी (ब) जलालुद्दीन खल्जी
   (स) मुहम्मद गोरी (द) मुहम्मद बिन तुगलक
4. **अलाउद्दीन खल्जी के समय में प्रसिद्ध फारसी कवि था –**
   (अ) अलबरुनी (ब) अमीर खुसरो
   (स) जायसी (द) चंदबरदाई
5. **अलाउद्दीन खल्जी ने अपने राज्य में नहीं मिलाया–**
   (अ) रणथंभौर (ब) मालवा
   (स) चित्तौड़ (द) देवगिरि
6. **अलाउद्दीन खल्जी ने किसानों को लगान के रूप में देने को कहा–**
   (अ) उपज का आधा हिस्सा (ब) उपज का एक चौथाई हिस्सा
   (स) उपज का दो चौथाई हिस्सा (द) उपज का तीन चौथाई हिस्सा
7. **अलाउद्दीन खल्जी ने दिल्ली सल्तनत को किस आक्रमणकारियों से बचाया–**
   (अ) हूण (ब) मंगोल
   (स) शक (द) डच
8. **अलाउद्दीन खल्जी का देवगिरी पर आकमण करने का मुख्य उद्देश्य था–**
   (अ) साम्राज्य का विस्तार करना (ब) धन प्राप्त करना
   (स) वहां के शासक से बदला लेना (द) किसानों से लगान वसूल करना
9. **अलाउद्दीन खल्जी की मृत्यु के बाद दिल्ली में स्थापित हुआ–**
   (अ) तुगलक वंश (ब) मौर्य वंश
   (स) परमार वंश (द) चालुक्य वंश
10. **तुगलक वंश का पहला सुल्तान अथवा संस्थापक था–**
    (अ) मुहम्मद बिन तुगलक (ब) गयासुद्दीन तुगलक
    (स) मीर कासिम (द) मीर जाफर
11. **गयासुद्दीन तुगलक ने किस नगर को बसाया–**
    (अ) देवगिरी (ब) रत्नागिरी
    (स) तुगलकाबाद (द) उदयपुर

12. **मुहम्मद बिन तुगलक का किसी व्यक्ति को ऊँचे पद पर नियुक्त करने का मापदंड था–**
(अ) व्यक्ति की ईमानदारी (ब) व्यक्ति की योग्यता
(स) व्यक्ति का धर्म (द) व्यक्ति की आर्थिक स्थिति

13. **सेना में भ्रष्टाचार रोकने के लिए अलाउद्दीन खल्जी ने चालू किया–**
(अ) हुलिया प्रथा (ब) जाति प्रथा
(स) रिश्तेदारों को ऊँचे पद देना (द) सैन्य संचालन खुद करना

14. ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी हमें कहाँ से मिलती है?
15. अलाउद्दीन खल्जी के शासन व्यवस्था का विस्तृत वर्णन करें?
16. अलाउद्दीन खल्जी ने अमीरों के विद्रोह को रोकने के लिए क्या किया?
17. अलाउद्दीन खल्जी ने अपने राज्य का विस्तार कैसे किया?
18. अलाउद्दीन खल्जी ने किन–किन राज्यों को अपने राज्य में मिलाकर राज्य विस्तार किया?
19. अलाउद्दीन खल्जी के लगान संबंधी नीति पर टिप्पणी लिखें?
20. अलाउद्दीन खल्जी ने सैन्य संचालन एवं सैन्य हित में क्या–क्या किया?
21. मुहम्मद बिन तुगलक ने अपनी राजधानी कहाँ से कहाँ स्थानान्तरित की?
22. मुहम्मद बिन तुगलक के राजधानी स्थानान्तरण संबंधी नीति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखो।
23. मुहम्मद बिन तुगलक का चाँदी के सिक्के के स्थान पर काँसे के सिक्कों के प्रचलन का क्या कारण था?
24. मुहम्मद बिन तुगलक के सिक्के परिवर्तन संबंधी नीति के क्या दुष्परिणाम हुए?
25. मुहम्मद बिन तुगलक कौन सी नीतियाँ असफल रही?
26. मुहम्मद बिन तुगलक के अत्यधिक सल्तनत विस्तार से क्या समस्यायें उत्पन्न हुई?

प्रदत्त कार्य–

- अलाउद्दीन खल्जी के साम्राज्य की सीमा किन–किन राज्यों को छूती थी? ज्ञात करो
- तुगलक साम्राज्य के प्रसिद्ध शहरों को भारत के मानचित्र में दर्शाओ।

v/;k; &6

lYrur dkyhu tu&thou

1. **अपने–आपको हिन्दुस्तानी तुर्क कहने वाले कवि का नाम था–**
   (अ) चंदबरदायी (ब) मलिक मुहम्मद जायसी
   (स) अमीर खुसरो (द) अलबरुनी
2. **तुर्को द्वारा भारत में लाई गई कागज एवं पुस्तकों पर जिल्द चढ़ाने की कला से–**
   (अ) लेखन कला का विकास हुआ (ब) लिखित सामग्री सुरक्षित रखी जाने लगी
   (स) लेखन कला आसान हो गई (द) उपरोक्त सभी
3. **सूत कातने के लिए चरखे का उपयोग किसके काल में हुआ–**
   (अ) अंग्रेजी काल (ब) मुगलकाल
   (स) सल्तनत काल (द) प्राचीन काल
4. **सल्तनत काल में प्रभावशाली धर्म था–**
   (अ) हिन्दू (ब) पारसी
   (स) इस्लाम (द) इसाई
5. **इस्लाम में वर्जित है–**
   (अ) एकेश्वरवाद (ब) नमाज
   (स) मस्जिद जाना (द) मूर्तिपूजा

6. सल्तनत बनने का मुख्य परिणाम क्या हुआ?
7. चंगेज खाँ के आक्रमण का मध्य एशिया के राज्यों पर क्या दुष्परिणाम हुआ?
8. लगान व्यवस्था से किसानों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा?
9. तुर्क अपने साथ भवन निर्माण कला (वस्तुकला) की किन–किन खूबियाँ को भारत में लेकर आये?
10. तुर्कों के आगमन से भारत में आये कला एवं सांस्कृतिक बदलाव पर प्रकाश डालें?
11. तुर्कों ने भारत से कौन–कौन सी विधायें सीखी?
12. सुल्तानों ने इस्लाम धर्म के प्रसार के लिए क्या कार्य किये?
13. अमीर खुसरो कौन थे ?अमीर खुसरो की संगीत के क्षेत्र में क्या योगदान है?
14. इस्लाम एवं हिन्दू धर्म के मेल–मिलाप से दोनों धर्मो के संतों पर क्या प्रभाव पड़ा?

प्रदत्त कार्य–

- कबीर व नानक क मानव समाज को क्या योगदान था? कबीर से संबंधित दोहे एकत्रित करो?
- अमीर खुसरो से संबंधित पहेलियों को एकत्रित करो?

v/;k; &7
exy lkezkT; dh LFkkiuk

1. **भारत में दिल्ली सल्तनत का शासनकाल था–**
   (अ) लगभग डेढ़ सौ वर्षो तक (ब) लगभग सौ वर्षों तक
   (स) लगभग दो सौ वर्षों तक (द) लगभग सवा सौ वर्षों तक
2. **दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाला अंतिम वंश–**
   (अ) चोल वंश (ब) परमार वंश
   (स) राष्ट्रकूट वंश (द) लोदी वंश
3. **मुगल साम्राज्य का संस्थापक था–**
   (अ) अकबर (ब) बाबर
   (स) जहाँगीर (द) हुमायूँ
4. **पानीपत का प्रथम युद्ध हुआ–**
   (अ) सन् 1525 ई. (ब) सन् 1526 ई.
   (स) सन् 1527 ई. (द) सन् 1761 ई.
5. **पानीपत का प्रथम युद्ध हुआ–**
   (अ) अकबर व बाबर के मध्य (ब) हेमू व राणा सांगा के मध्य
   (स) बाबर और इब्राहीम लोदी के बीच (द) अकबर व इब्राहीम लोदी के मध्य
6. **बाबर और राणा साँगा के युद्ध में–**
   (अ) बाबर की हार हुई (स) बाबर और राणा साँगा के मध्य संधि हुई
   (ब) राणा साँगा की हार हुई (द) अकबर व इब्राहीम लोदी के मध्य संधि हुई
7. **जजिया कर को हटाया–**
   (अ) शेरशाह ने (ब) अकबर ने
   (स) बाबर ने (द) हुमायूँ ने
8. **अकबर की जीवनी को अकबरनामा में लिखने का श्रेय जाता है–**
   (अ) अबुल फजल (ब) टोडरमल
   (स) बीरबल (द) तानसेन
9. **बाबर की आत्मकथा है–**
   (अ) बाबरनामा (ब) तारीख–ए–बाबरी
   (स) तुजुक–ए–बाबरी (द) तारीख ए फिरोजशाह
10. **बाबर ने अपनी आत्मकथा लिखी–**
   (अ) तुर्की भाषा में (ब) अरबी भाषा में
   (स) फारसी भाषा में (द) उर्दू भाषा में
11. **बाबर की मृत्यु के बाद बादशाह बना–**
   (अ) अकबर (ब) दारा शिकोह
   (स) सूजा (द) हुमायूँ

12.हुमायूँ ने किसकी मदद से पुनः दिल्ली में मुगल साम्राज्य की स्थापना की–
(अ) अफगान के शाह (ब) तुर्कीस्तान के शाह
(स) ईरान के शाह (द) कजाकिस्तान के शाह

13.हुमायूँ की मृत्यु हुई–
(अ) अस्थमा से (ब) ज्वर से
(स) छत से गिरने से (द) सीढ़ियों से पाँव फिसलने स

14.शेरशाह की जागीर थी–
(अ) बिहार के सासाराम में (ब) पटना में
(स) टाटानगर (द) राँची में

15.नए सिक्कों का चलन प्रारंभ किया–
(अ)अकबर ने (ब) राणा प्रताप ने
(स) शेरशाह ने (द) राणा साँगा ने

16.शेरशाह कालीन ताँबे के सिक्के को कहते थे–
(अ) रुपया (ब) छदाम
(स) मुद्रा (द) दाम

17.चाँदी के सिक्के को कहते थे–
(अ) दाम (ब) छदाम
(स) रुपया (द) मुद्रा

18.दीन–ए–इलाही धर्म चलाया–
(अ) अकबर ने (ब) शेरशाह ने
(स) बाबर ने (द) हुमायूँ ने

19.शेरशाह पुत्र था–
(अ) ईरानी सरदार का (ब) अफगान सरदार का
(स) तुर्की सरदार का (द) मुगल बादशाह का

20.अकबर की धार्मिक नीति में विशेष योगदान था–
(अ) जोधाबाई की (ब) अबुलफजल की
(स) बीरबल का (द) राजपूतों का

21.रानी दुर्गावती के पुत्र का नाम–
(अ) राम नारायण सिंह (ब) जयनारायण सिंह
(स) विजय नारायण सिंह (द) वीर नारायण सिंह

22.रानी दुर्गावती शासिका थी–
(अ) गोंडवाना की (ब) मालवा की
(स) कन्नौज की (द) भीलवाड़ा की

23.अकबर ने किसकी मदद से गोंडवाना पर आक्रमण किया–
(अ) बैरम खाँ (ब) आसफ खाँ
(स) शेर खाँ (द) अहमद खाँ

24.छत्तीसगढ़ राज्य का प्राचीन नाम–

(अ) बिलासपुर (ब) छतरपुर

(स) रतनपुर (द) रायपुर

25.अकबर के गोंडवाना आक्रमण के समय छत्तीसगढ़ में किस वंश का शासन था

(अ) मौर्यवंश (ब) कल्चुरी राजवंश

(स) चालुक्य वंश (द) परमार राजवंश

26.अकबर की राजधानी थी–

(अ) उदयपुर (ब) जयपुर

(स) फतेहपुर सीकरी (द) अजमेर

27.मनसबदारों के लगान वसूली हेतु निर्धारित क्षेत्र को कहते है–

(अ) जागीर (ब) रियासत

(स) साम्राज्य (द) राज्य

28.सासाराम में मकबरा है–

(अ) शेरशाह का (ब) अकबर का

(स) बाबर का (द) हुमायूँ

29.शेरशाह की मृत्यु हुई–

(अ) सन् 1545 ई. में (ब) सन् 1526 ई. में

(स) सन् 1556 ई. में (द) सन् 1546 ई. में

30.अकबर के संरक्षक का नाम–

(अ) शेर खाँ (ब) टोडरमल

(स) बैरम खाँ (द) मान सिंह

31.बैरम खाँ अकबर के थे–

(अ) संरक्षक (ब) मंत्री

(स) सेनापति (द) राजकवि

32.हुमायूँ के पुत्र का नाम था–

(अ) बाबर (ब) शेरशाह

(स) औरंगजेब (द) अकबर

33.हल्दीघाटी का युद्ध हुआ–

(अ) अकबर व बाबर के बीच (ब) अकबर व शेरशाह के बीच

(स) अकबर व राणा प्रताप के बीच (द) राणाप्रताप व हुमायूँ के बीच

34.हल्दीघाटी के युद्ध में जीत हुई–

(अ) अकबर की (ब) राणा प्रताप की

(स) हुमायूँ की (द) शेरशाह की

35.गोंडवाना (गढ़ाकंटगा) की राजधानी थी–

(अ) चौरागढ़ (ब) चौराचौरी

(स) चौरड़ाधाम (द) चित्तौड़गढ़

36. राजा दलपत के देहावसान के बाद गद्दी पर बैठी–

(अ) रानी कर्मावती (ब) रानी लक्ष्मीबाई
(स) रानी दुर्गावती (द) रानी अहिल्या बाई

प्रदत्त कार्य–

1. बाबर को फरगना की गद्दी से विरोधियों ने क्यो उतार दिया?
2. पानीपत का प्रथम युद्ध किनके–किनके बीच हुआ तथा दोनों सेनाओं की क्या–क्या विशेषताएँ थी?
3. राणा साँगा से युद्ध के दौरान बाबर के सैन्य संचालन का वर्णन करें?
4. हुमायूँ के राज्य विस्तार के मार्ग में क्या–क्या कठिनाइयाँ आई?
5. शेरशाह के सुधार कार्यो का वर्णन करें?
6. अकबर के साम्राज्य विस्तार का विस्तृत वर्णन करें?
7. अकबर के साम्राज्य विस्तार की क्या नीति थी?
8. अकबर की राजपूत नीतियों पर टिप्पणी लिखो?
9. अकबर की प्रशासनिक व्यवस्था पर नोट लिखें?
10. मनसबदारी व्यवस्था किसे कहते हैं?
11. अकबर के समय लगान व्यवस्था कैसी थी? उसमें उसके द्वारा क्या–क्या सुधार किये गये?
12. अकबर की धार्मिक नीति पर टिप्पणी लिखें?
13. मुगल बादशाहों की क्रमानुसार सूची तैयार कर उनके कार्यकाल को दर्शाओ–
14. पानीपत के प्रथम युद्ध में दोनों सेनाओं की विशेषताओं को दर्शाते हुए रेखाचित्र बनाओ।

v/;k; &8

fojk/k vkj foækg dk le;

1. **बादशाह अकबर ने राज किया–**
   (अ) 50 वर्षों तक (ब) 45 वर्षों तक
   (स) 56 वर्षों तक (द) 40 वर्षों तक
2. **जहाँगीर के बेटे का नाम–**
   (अ) अकबर (ब) शाहजहाँ
   (स) औरंगजेब (द) दाराशिकोह
3. **दिल्ली का लाल किला एवं जामा मस्जिद बना–**
   (अ) अकबर के काल में (ब) शाहजहाँ के काल में
   (स) बाबर के काल में (द) हुमायूँ के काल में
4. **मुगल साम्राज्य में किसानों की हालत–**
   (अ) अच्छी थी (ब) खराब थी
   (स) संतोषप्रद थी (द) बहुत अच्छी थी
5. **अहोम राज्य वर्तमान में है–**
   (अ) अरूणाचल में (ब) उत्तरप्रदेश में
   (स) महाराष्ट्र में (द) असम में
6. **मराठे महाराष्ट्र के कुशल योद्धा थे–**
   (अ) उत्तरी पहाड़ी भाग (ब) मध्यवर्ती भाग
   (स) पश्चिमी पहाड़ी भाग (द) दक्षिणी भाग
7. **शिवाजी की माता का नाम–**
   (अ) आशा भोसले (ब) जीजाबाई
   (स) तीजन बाई (द) अहिल्या बाई
8. **शिवाजी के पिता का नाम–**
   (अ) सुदेश भोसले (ब) शाह जी भोसले
   (स) संभाजी भोसले (द) बाजी राव
9. **शिवाजी ने बीजापुर में किस सेनापति को मारा–**
   (अ) शेर खाँ (ब) सलीम खाँ
   (स) अकरम खाँ (द) अफजल खाँ
10. **मुगल साम्राज्य का महत्वपूर्ण व्यापार केन्द्र था–**
   (अ) सूरत (ब) गोलकुंडा
   (स) दिल्ली (द) बीजापुर
11. **शिवाजी के युद्धकला को कहते है–**
   (अ) धर्मयुद्ध (ब) शीतयुद्ध
   (स) छापामार युद्ध (द) गृहयुद्ध

12. शिवाजी को काबू में लाने के लिए औरंगजेब ने दूत के रूप में भेजा–
(अ) हनुमान (ब) राजा जयसिंह
(स) जसवंत सिंह (द) राजा मानसिंह

13. शिवाजी ने उपाधि धारण की–
(अ) शोधोपाधि (ब) छत्रपति
(स) महात्मा (द) पंजाब केसरी

14. शिवाजी ने अपने आपको स्वतंत्र राजा घोषित किया–
(अ) सन् 1674 में (ब) सन् 1675 में
(स) सन् 1615 में (द) सन् 1700 में

15. जयसिंह एवं जसवंत सिंह जैसे हिन्दू सर्वोच्च पद पर थे–
(अ) अकबर के दरबार में (ब) हुमायूँ के दरबार में
(स) औंरगजेब के दरबार में (द) शाहजहाँ के दरबार में

16. औरंगजेब के काल में रतनपुर एवं रायपुर में राज कर रहे थे–
(अ) होल्कर राजा (ब) कल्चुरी राजा
(स) परमार राजा (द) चंदेल राजा

लघुत्तरीय प्रश्न–

1. मुगलकाल में किसानों की हालत दयनीय क्यों हो गई थी?
2. औरंगजेब के समय किसानों द्वारा हुए विद्रोह के क्या कारण थे?
3. किसानों व जमींदारों के विद्रोह का मुगल साम्राज्य पर क्या प्रभाव पड़ा?
4. जगीरदारों के तबादले का कृषि पर क्या प्रभाव पड़ा?
5. औरंगजेब के बीजापुर तथा गोलकुंडा जीत के क्या परिणाम हुए?
6. राजपूतों ने औरंगजेब के खिलाफ विद्रोह क्यों किया तथा उसके क्या परिणाम हुए?
7. शिवाजी के युद्धकला पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें?
8. औरंगजेब की धार्मिक नीति कैसी थी?
9. औरंगजेब की धार्मिक कट्टरता के क्या परिणाम हुए?
10. अकबर, शाहजहाँ एवं औरंगजेब के समय के हिन्दू अमीरों की संख्या का तुलनात्मक वर्णन करें।
11. औरंगजेब ने साम्राज्य के हित में कौन–कौन सी नीतियाँ अपनाई?
12. औरंगजेब की मृत्यु के बाद मुगल साम्राज्य की क्या स्थिति थी?
13. अकबर और औरंगजेब की धार्मिक नीति की तुलना करो?

v/;k; &9

exydkyhu tu thou

1. **मुगलकाल में शासन का सर्वोच्च होता था–**
   (अ) राजा (ब) सम्राट
   (स) बादशाह (द) अधिपति
2. **मुगलकाल में छत्तीसगढ़ में शासन था–**
   (अ) कल्चुरियों का (ब) चंदेलों का
   (स) होल्करों का (द) परमारों का
3. **मुगल सम्राट अनुयायी थे–**
   (अ) हिन्दु धर्म के (ब) इस्लाम धर्म के
   (स) जैन धर्म के (द) ईसाई धर्म के
4. **छत्तीसगढ़ के भक्त कवि हुए–**
   (अ) तुलसीदास (ब) सूरदास
   (स) रहीम (द) गोपाल मिश्र
5. **मुगलकाल में छत्तीसगढ़ में आगमन हुआ–**
   (अ) साई पंथ का (ब) कबीर पंथ का
   (स) इस्लाम धर्म का (द) जैन धर्म का
6. **कबीर पंथियों का प्रमुख तीर्थस्थल–**
   (अ) बिलासपुर (ब) साईखेड़ा
   (स) दामाखेड़ा (द) रायपुर
7. **कल्चुरियों के शासन काल में छत्तीसगढ़ में प्रारंभ हुई–**
   (अ) मूर्ति पूजा (ब) हनुमान पूजा
   (स) देवपूजा (द) शक्तिपूजा
8. **मुगलकाल का समाज–**
   (अ) उद्योग प्रधान था (ब) कृषि प्रधान था
   (स) धर्म प्रधान था (द) कर्म प्रधान था
9. **अकबर के समय किसानों से लगान में फसल का भाग लिया जाता था–**
   (अ) दो तिहाई भाग (ब) आधा भाग
   (स) एक तिहाई भाग (द) दो चौथाई भाग
10. **मुगलकालीन वास्तुकला मिश्रण है भारतीय कला एवं–**
    (अ) ईरानी व मध्य एशियाई कला का (ब) तुर्की कला का
    (स) भारतीय व यूनानी कला का (द) भारतीय व फारसी कला का

ukxfjd

'kkL=

v/;k; &1
n'k vkj jkT;

1. **भारत के उत्तर पश्चिम का पड़ोसी देश है–**
   (अ) नेपाल (ब) भूटान
   (स) पाकिस्तान (द) बंगलादेश
2. **भारत का वह पड़ोसी देश जिसकी सीमा रेखा भारत को छूती नहीं है–**
   (अ) बंगलादेश (ब) पाकिस्तान
   (स) श्री लंका (द) भूटान
3. **छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से लगा राज्य नहीं है–**
   (अ) मध्यप्रदेश (ब) उड़ीसा
   (स) कर्नाटक (द) आंध्रप्रदेश
4. **केन्द्रशासित प्रदेश में शासन होता है–**
   (अ) राज्यपाल का (ब) केन्द्र सरकार का
   (स) राज्य सरकार का (द) राष्ट्रपति का
5. **इनमें से केन्द्र शासित प्रदेश नहीं है–**
   (अ) दिल्ली (ब) पांडिचेरी
   (स) मुंबई (द) चंडीगढ़
6. **भारत में राज्य है–**
   (अ) 28 (ब) 29
   (स) 26 (द) 25
7. **भारत में पश्चिम बंगाल है–**
   (अ) भारत का पड़ोसी देश (ब) भारत का राज्य
   (स) खाड़ी प्रदेश (द) केन्द्र शासित प्रदेश

8- केन्द्र और राज्य में क्या अंतर है?

9. भारत के पडोसी देशों के नाम लिखो?

10.भारत के विभिन्न राज्यों में क्या–क्या सामनतायें एवं क्या– कया विभिन्नतायें होती है?

प्रदत्त कार्य–

- छत्तीसगढ़ से दिल्ली जाने वाली रेलगाड़ियां कौन–कौन सी है नाम लिखकर उनके स्टेशनों के नाम लिखो?
- दी गई तालिका में भारत के विभिन्न राज्यों के नाम एवं उनकी राजधानियों के नाम लिखो तथा उस राज्य की किसी खास विशेषता को लिखो?

राज्य	राजधानी	विशेषता
कश्मीर	श्रीनगर	पर्यटन स्थल है

v/;k; & 2
jkT; dh ljdkj

1. **छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा क्षेत्र है–**
   (अ) 70 (ब) 80
   (स) 90 (द) 95
2. **चुनाव लड़ने वाले को कहते है–**
   (अ) उम्मीदवार (ब) मंत्री
   (स) विधायक (द) सांसद
3. **छत्तीसगढ़ विधानसभा में 90 क्षेत्र है सरकार बनाने के लिए कितने विधायकों की जरूरत होगी?**
   (अ) 46 से अधिक (ब) 46 से कम
   (स) 90 से अधिक (द) 33 से कम
4. **वोट देने का अधिकार है–**
   (अ) 18 वर्ष से अधिक का नागरिक
   (ब) 18 वर्ष से कम का नागरिक
   (स) विदेशी नागरिक
   (द) मतदाता सूची में शामिल नहीं 18 वर्ष से अधिक का नागरिक
5. **छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पार्टी नहीं है–**
   (अ) भारतीय जनता पार्टी (ब) कांग्रेस पाटी
   (स) बहुजन समाजवादी पाटी (द) लाल पार्टी
6. **विकास दुर्ग से अपने कालेज के समय के दोस्त वैभव के शहर रायपुर आया, रायपुर में उस दिन राज्य का चुनाव था चुनाव में वैभव ने वोट डाला किन्तु विकास नहीं डाल सका क्योंकि–**
   (अ) उसकी आयु 18 साल से अधिक थी
   (ब) उसे मालूम नहीं था
   (स) उसका नाम रायपुर की मतदाता सूची में नहीं था
   (द) वह वोट देना नहीं चाहता था
7. **राज्य में राज्यपाल की नियुक्ति होती है–**
   (अ) राज्य सरकार द्वारा (ब) केन्द्र सरकार द्वारा
   (स) मुख्यमंत्री द्वारा (द) उच्च न्यायालय द्वारा
8. **चुनाव का सही कम है–**
   (अ) चुनाव प्रचार, नामांकन, मतदान, चुनाव परिणाम
   (ब) नामांकन, चुनाव प्रचार, मतदान, चुनाव परिणाम
   (स) मतदान, चुनाव प्रचार, नामांकन, चुनाव परिणाम
   (द) नामांकन, मतदान, चुनाव प्रचार, चुनाव परिणाम
9. उम्मीदवार एवं मतदाता में क्या अंतर है दोनों के लिए आवश्यक शर्ते क्या–क्या है?
10. आप अपने विधानसभा क्षेत्र के विधायक तथा उनकी पार्टी का नाम लिखो?

11. छत्तीसगढ़ का मुख्य मंत्री कौन तथा किस दल से हैं?
12. यदि हम अपना वोट सही व्यक्ति को नहीं देते है तो क्या होगा?
13. वोट डालने के बाद यह कैसे तय होता है कि उस क्षेत्र के विधान सभा का सदस्य कौन है?
14. दिए गए रिक्त स्थानों में मंत्रियों के विभागों के नाम लिखो–



15. 90 विधान सभा वाले राज्य के प्रमुख पार्टियों के परिणाम निम्नानुसार है–

पार्टी	**सीट**
एक्शन पार्टी	35
समझौता पार्टी	24
आंदोलन पाटी	11
राष्ट्रीय पार्टी	10
विकासपार्टी	7
अन्य पार्टी	3

तालिका देखकर बताओ कि –

- सरकार बनाने के लिए कितने सदस्यों की आवश्यकता होगी? क्या उपरोक्त पार्टी में किसी दल को बहुमत प्राप्त है?
- उपरोक्त पार्टी में कौन सी पार्टी सरकार बनाने हेतु दावा कर सकती है? तथा किस पार्टी की मदद से सरकार बना सकती है?
- यदि एक्शन पार्टी सरकार नहीं बनाती है तो कौन सी पार्टी सरकार बनाने का दावा कर सकती है?
- जब एक से अधिक पार्टी द्वारा सरकार बनाई जाती है तो उसे क्या कहते है?

16. वर्तमान में केन्द्र व राज्य में किस तरह की सरकार है,
17. हम विधायकों को कैसे चुनते है?

प्रदत्त कार्य–

- चुनाव के समय कुछ दलों के लोग अपने पक्ष में वोट डालने हेतु विभिन्न वस्तुयें साड़ी, कंबल आदि बांटते है क्या यह उचित है? यदि नही तो क्यों?
- छत्तीगढ़ राज्य में कौन–कौन सी राजनैतिक पाटियां है, सूची बनाकर उनके चुनाव चिन्हों को लिखो ?

v/;k; &3
jkT; ljdkj Hkkx&2

1. सरकार के कार्य है–
(अ) कानून बनाना
(ब) कानून लागू करना
(स) न्याय दिलाना
(द) उपरोक्त सभी

2. तैयार कानून प्रकाशित किया जाता है–
(अ) हितवाद में
(ब) राजपत्र में
(स) शोध पत्र में
(द) दैनिक समाचार पत्र में

3. राज्य में कानून बनाने के बाद उसमें हस्ताक्षर होते है–
(अ) मुख्यमंत्री के
(ब) वितमंत्री के
(स) राज्यपाल के
(द) विधि मंत्री के

4. कानून बनाने का कार्य करती है–
(अ) विधायिका
(ब) न्यायपालिका
(स) नगरपालिका
(द) कार्यपालिका

v/;k; &4

gekjh U;k; O;oLFkk

1. **दीवानी मुकदमे के अंतर्गत मामले दर्ज किए जाते है–**
   (अ) मारपीट संबंधी (ब) हत्या संबंधी
   (स) जमीन जायदाद संबंधी (द) चोरी संबंधी
2. **एफ.आई आर के अंतर्गत–**
   (अ) किसी घटना की सूचना पुलिस को देनी होती है
   (ब) किसी घटना की सूचना थाने में लिखित रूप में दर्ज करानी होती है
   (स) घटना से संबंधित व्यक्ति को पुलिस थाने मे ले जाया जाता है।
   (द) घटना से संबंधित व्यक्ति से मारपीट की जाती है
3. **फौजदारी मामले के अंतर्गत मामले दर्ज किए जाते है–**
   (अ) मारपीट संबंधी (ब) हत्या संबंधी
   (स) चोरी रिश्वत संबंधी (द) उपरोक्त सभी
4. **पुलिस अपराध करने पर अपराधी को क्यों गिरफ्तार करती है–**
   (अ) सजा देने के लिए (ब) थाने में बंद करने के लिए
   (स) पूछताछ करने के लिए (द) झगड़ा बंद करने के लिए
5. **गिरफ्तारी के बाद किसी व्यक्ति को न्यायालय में पेश किया जाता है–**
   (अ) 24 घंटे के भीतर (ब) एक सप्ताह में
   (स) एक माह में (द) कभी भी
6. **छत्तीसगढ़ का उच्च न्यायालय है–**
   (अ) रायपुर (ब) बिलासपुर
   (स) दुर्ग (द) भोपाल
7. **न्याय के लिए अपील करने का सही कम है–**
   (अ) जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय, राष्ट्रपति
   (ब) राष्ट्रपति जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय
   (स) उच्च न्यायालय उच्चतम न्यायालय राष्ट्रपति जिला न्यायालय
   (द) उच्चतम न्यायालय जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय, राष्ट्रपति
8. **देश का सबसे बड़ा न्यायालय है–**
   (अ) उच्च न्यायालय (ब) उच्चतम न्यायालय
   (स) जिला न्यायालय (द) पंचायत
9. **देश का सर्वोच्च न्यायालय कहाँ स्थित है–**
   (अ) बिलासपुर (ब) जबलपुर
   (स) भोपाल (द) नई दिल्ली
10. दीवनी और फौजदारी अपराध में क्या अंतर है उदाहरण सहित समझाओ?
11. यदि थानेदार रिपोर्ट दर्ज न करे तो रिपोर्ट दर्ज करने वाले को क्या करना चाहिए?
12. जब कोई व्यक्ति तहसील कोर्ट के फैसले से असंन्तुष्ट हो तो वह अपनी अपील कहां कर सकता है?

v/;k; &5
m|kx ,d ifjp;

1. **किसी भी उद्योग के लिए आवश्यक है–**
   (अ) कच्चा माल (ब) परिवहन
   (स) बाजार (द) उपरोक्त सभी
2. **मिटटी के बर्तन बनाने का काम कहलाता है–**
   (अ) दस्तकारी का काम (ब) ठेकेदारी का काम
   (स) छोटे कारखाने का काम (द) बड़े कारखाने का काम
3. **मिटटी के खिलौने बनाए जाते है–**
   (अ) काली मिटटी से (ब) पीली मिटटी से
   (स) लाल मिटटी से (द) कांप मिटटी से
4. मिटटी के सामान बनाने के लिए किस प्रकार की मिट्टी की आवश्यकता होती है? यह मिट्टी कैसे तैयार की जाती है?
5. वर्तमान में मिट्टी से विभिन्न प्रकार के चीजें तैयार करने में कुंभकार को क्या–क्या कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है?
6. मिटटी के अतिरिक्त और किन–किन चीजों से खिलौने तैयार किए जाते है?

निम्नांकित उद्योगों के सामने उनके लिए आवश्यक कच्चे माल का नाम लिखो–
- शक्कर उद्योग
- कपड़ा उद्योग
- कोसा उद्योग
- लोहा उद्योग

प्रदत्त कार्य–
- उन त्यौहारों की सूची बनाओ जिनमें मिट्टी से बनी वस्तुओं की आवश्यकता होती है?
- मिट्टी से कोई भी एक खिलौना बनाओ एवं इस खिलौने को बनाने के लिए आपने क्या –क्या किया उसके बारे में लिखो?

v/;k; &6
dklkm|kx

1. कोसा उद्योग के लिए कच्चा माल है–

(अ) रेशम (ब) कपास

(स) नायलोन (द) पटसन

2. मुख्य रूप से रेशम की कीड़े पाले जाते है–

(अ) साल वृक्ष पर (ब) सागौन वृक्ष पर

(स) नीम के वृक्ष पर (द) शहतूत के वृक्ष पर

3. कोसा कपड़ा बनाने का सही कम है–

(अ) कोसा उबालना, कोसा फल से धागा निकालना, ताना बाना बुनना

(ब) ताना बाना बुनना, कोसा उबालना कोसा फल से धागा निकालना

(स) कोसा फल से धागा निकालना, कोसा उबालना, ताना बाना बुनना

4. छत्तीसगढ़ में कोसा उद्योग कहां–कहां पाया जाता है?

5. कोसे से कपड़ा कैसे तैयार किया जाता हे विस्तार से लिखो?

6. कोसा उद्योग में क्या–क्या समस्याये हैं

v/;k; & 7
NkV dkj [kkuk e dke

1. **धान का कटोरा कहलाता है–**
   (अ) केरल (ब) उड़ीसा
   (स) मध्यप्रदेश (द) छत्तीसगढ़
2. **धान से चांवल निकाला जाता है–**
   (अ) मूसल एवं ढेकी (ब) हालर मशीन
   (स) चांवल मिल (द) उपरोक्त सभी
3. **सरकार समितियों में धान खरीदा जाता है–**
   (अ) समर्थन मूल्य पर (ब) अधिक कीमत पर
   (स) कम कीमत पर (द) लागत मूल्य पर
4. **सरकारी समितियों का धान जमा होता है–**
   (अ) भारतीय खाद्य निगम में (ब) मिल मालिक के पास
   (स) बड़े साहूकारों के पास (द) किराना दुकान में
5. **धान से चावल निकालने का सही क्रम है–**
   (अ) पॉलिश करना, भूसा अलग करना, चांवल निकालना, धान की सफाई करना
   (ब) धान की सफाई करना, पॉलिश करना, भूसा अलग करना, चांवल निकालना
   (स) भूसा अलग करना, पॉलिश करना, चांवल निकालना, धान की सफाई करना
   (द) धान की सफाई करना, चांवल निकालना, भूसा को अलग करना, पॉलिश करना
6. बरसात के दिनों में चांवल की मिलों में काम बंद रहता है क्यों?
7. मशीन द्वारा धान से चावल निकालने की प्रकिया का वर्णन करो,
8. उसना चांवल एवं साधारण चावल में क्या अंतर है?
9. किसी भी उद्योग के लिए परिवहन का होना आवश्यक है क्यों?
10. धान से निकले विभिन्न पदार्थो का क्या–क्या उपयोग है?
11. चांवल से निकले कोढ़े का क्या उपयोग किया जाता है?
12. किसी भी उद्योग के लिए किन –किन चीजों का होना आवश्यक है?

प्रदत्त कार्य–

- छत्तीसगढ़ में राइस मिलें कहाँ है, पता कर सूची बनाओ?

v/;k; &8
cM dkj[kkuk e dke

1. **इनमें कौन सा उद्योग बड़े उद्योग के अंतर्गत आता है–**
   (अ) मिटटी उद्योग (ब) बीड़ी उद्योग
   (स) चांवल उद्योग (द) सीमेंट उद्योग
2. **सीमेंट उद्योग के लिए आवश्यक है–**
   (अ) चूना पत्थर (ब) लोहा
   (स) कपास (द) कांप मिटटी
3. **क्रेन मशीन द्वारा किया जाता है–**
   (अ) बड़े–बड़े सामान को उठाया जाता है (ब) पत्थरों को तोड़ा जाता है
   (स) पत्थरों को बारीक किया जाता है (द) मशीने सुधारी जाती है।
4. **सीमेंट कारखाने में बड़े पत्थरों को तोड़ा जाता है–**
   (अ) थ्रेशर द्वारा (ब) क्रशर हापर द्वारा
   (स) ग्रास हापर द्वारा (द) सेपरेटर द्वारा
5. **मजदूरों के हित में काम करने वाला संगठन है–**
   (अ) मजदूर संघ (ब) कर्मचारी संघ
   (स) व्यापारी संघ (द) शिक्षाकर्मी संघ
6. बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए किन–किन बातों का होना आवश्यक है?
7. सीमेंट उद्योग कच्चे माल के पास ही क्यों लगाया जाता है?
8. सीमेंट उद्योग में कार्य करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?
9. छत्तीसगढ़ में सीमेंट कारखाने कहाँ–कहाँ स्थापित किए गए?

v/;k; &9
lkekU; pruk

1. मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है–

(अ) 5 दिसम्बर (ब) 10 दिसम्बर

(स) 19 नवम्बर (द) 2 अक्टूबर

2. छत्तीसगढ़ में मानव अधिकार आयोग स्थित है–

(अ) बिलासपुर में (ब) सरगुजा में

(स) रायपुर में (द) महासमुंद में

3. कानून के अनुसार लड़के, लड़कियों की विवाह योग्य आयु है–

(अ) लड़के लडकियों दोनों की आयु 18 वर्ष

(ब) लड़के की आयु 18 वर्ष लड़की की आयु 21 वर्ष

(स) लडके की आयु 21 वर्ष एव लड़की की आयु 18 वर्ष

(द) लड़के की आयु 25 वर्ष लड़की की आयु 18 वर्ष

4. मानव अधिकारों से आप क्या समझते हैं? इसकी क्या आवश्यकता पड़ी?

5. बाल विवाह से क्या–क्या नुकसान है?

Hkxky

v/;k; &1

'kkyk dk ekufp= cuk,

1. नक्शे में उत्तर दिशा होती है।

(अ) दाँई ओर (ब) बाँई ओर
(स) ऊपर की ओर (द) नीचे की ओर

2. राखी पश्चिम दिशा की ओर मुँह करके खड़ी है, उसके पीछे की ओर दिशा होगी–

(अ) पूर्व (ब) पश्चिम
(स) उत्तर (द) दक्षिण

3. कागज में नक्शा बनाते समय किसी जगह को–

(अ) बड़ा करके दिखाते हैं (ब) छोटा करके दिखाते हैं
(स) जैसी रहता है वैसा ही बनाते हैं (द) जगह को नही दिखाते

4. नक्शे में महत्वपूर्ण नहीं होता–

(अ) पैमाना (ब) संकेत
(स) दिशा (द) नक्शा बनाने वाले का नाम

5. नक्शे में पैमाना लिया जाता है–

(अ) दिशा ज्ञात करने के लिए (ब) ऊँचाई ज्ञात करने के लिए
(स) दूरी ज्ञात करने के लिए (द) स्थिति ज्ञात करने के लिए

6. मानचित्र समझने के लिए आवश्यक होता है–

(अ) दिशा (ब) पैमाना
(स) संकेत (द) उपरोक्त सभी

7. नजरी नक्शा कहते है–

(अ) मानचित्र को (ब) देखकर अंदाज से बनाए गए चित्र को
(स) फोटो द्वारा खींचे गए चित्र को (द) कोई भी चित्र को

8. पैमाना कहते है–

(अ) मानचित्र की दूरी को (ब) कागज की दूरी को
(स) जमीन की दूरी को (द) नक्शे पर दूरी और जमीन की वास्तविक दूरी के अनुपात को

9. दिए गए निर्देशानुसार चित्र बनाओ।

रमा का घर बीच में है। घर के पूर्व दिशा में हैण्डपम्प है। घर के पश्चिम की ओर तालाब और राजू का घर है। दक्षिण में स्कूल है और उत्तर दिशा में अस्पताल है।

10. रायपुर से बेमेतरा की दूरी 70 किलोमीटर है यदि पैमाना 1 से.मी. बराबर 10 किलोमीटर है तो कागज पर मानचित्र की दूरी होगी–

(अ) 7 सेन्टीमीटर (ब) 17 सेन्टीमीटर
(स) 70 सेन्टीमीटर (द) 700 सेन्टीमीटर

11- रेखाचित्र देखकर उत्तर दो–



उत्तर

1. रेखाचित्र के अनुसार सूर्य किस ओर डूबेगा?
2. अस्पताल किस दिशा में है?
3. मीनार किस दिशा में है?
4. पूर्व दिशा में क्या है?

12. रवि ने अपनी कक्षा की लंबाई चौड़ाई अपने कदमों से नापी। कक्षा की लंबाई 15 कदम और चौड़ाई 10 कदम है तो कोई पैमाना लेकर रवि की कक्षा का नक्शा बनाओ?

13. पूरा करो–

संकेत	**स्थान**
A	घर
B	अस्पताल
C	पुल
D	गतिअवरोधक
E	अपनी इच्छानुसार कोई भी संकेत

14. नक्शा बनाने के क्या–क्या लाभ हैं?
15. नक्शा का उपयोग किन–किन कार्यों में होता है?
16. नक्शा बनाते समय पैमाना लेने की आवश्यकता क्यों होती है?
17. पुराने समय में नक्शा नही होता था,तो क्या–क्या परेशानी होती रही होगी?
18. नक्शा बनाते समय पैमाने का उपयोग न किया जाए तो कौन–कौन सी कठिनाइयाँ आयेगी?

प्रदत्त कार्य–

19. अपने मोहल्ले के घरों को देखकर नजरी नक्शा बनाओ।
20. अपने घर का नक्शा बनाओ।

शहर का नाम	**समुद्र सतह से उंचाई**
अंम्बिकापुर और जशपुर	600 मीटर से अधिक
कांकेर और जगदलपुर	300 से 600 मीटर तक
रायपुर बिलासपुर और रायगढ़	300 मीटर से

v/;k; &2
o"kk vkj unh

1. वाष्पीकरण कहते है–
(अ) धूप निकलने को (ब) पानी के बहाव को
(स) जल का वाष्प में बदलने को (द) बादल आने को

2. वाष्पीकरण की प्रकिया होती है–
(अ) रात में अधिक (ब) ठंड में अधिक
(स) धूप में अधिक (द) छाया में अधिक

3. वाष्पीकरण की प्रकिया किस भाग में अधिक मात्रा में होती है–
(अ) स्थल भाग में (ब) जल भाग में
(स) पेड़ पौधों में (द) जीव जन्तुओं में

4. वर्षा के दिनों में बादल काले दिखाई देते है–
(अ) धूल कणों के कारण (ब) प्रदूषण के कारण
(स) जल वाष्प के कारण (द) अंधेरे के कारण

5. वृष्टि छाया प्रदेश कहते है–
(अ) अधिक वर्षा वाले क्षेत्र को (ब) कम वर्षा वाले क्षेत्र को
(स) स्थल क्षेत्र को
(द) किसी पहाड़ी की ओट के कारण वर्षा न होने वाले क्षेत्र को

6. मानसूनी हवाओं की बढ़ने की दिशा होती है–
(अ) उत्तर पूर्व की ओर (ब) दक्षिणी पश्चिमी ओर
(स) उत्तर दक्षिण की ओर (द) दक्षिण से उत्तर की ओर

7. जल प्रपात में जल का बहाव होता है–
(अ) ऊपर से नीचे की ओर (ब) नीचे से ऊपर की ओर
(स) दक्षिण से उत्तर की ओर (द) उत्तर से दक्षिण की ओर

8. “ V” आकार की घाटी का निर्माण हो जाता है–
(अ) भूकम्प के कारण ब) ज्वालामुखी के कारण
(स) ढाल के कारण (द) नदी के द्वारा किनारों के कटाव के कारण

9. रविशंकर जलाशय किस नदी में निर्मित है–
(अ) शिवनाथ (ब) अरपा
(स) हसदो (द) महानदी

10. हीराकुण्ड बांध किस राज्य में स्थित है–
(अ) उड़ीसा (ब)आंध्रप्रदेश
(स) कर्नाटक (द) छत्तीसगढ़

11. महानदी की सहायक नदियां है–
(अ) गंगा एवं यमुना (ब) शिवनाथ एवं जोंक
(स) नर्मदा एवं पैरी (द) कृष्णा एवं कावेरी

12. डेल्टा का निर्माण होता है–

(अ) नदियों के उद्गम स्थल पर (ब) पहाड़ी भाग पर

(स) मैदानी भाग पर (द) नदी के समुद्र में मिलन स्थल पर

13. हीराकुण्ड बांध से लाभ है–

(अ) मत्स्य पालन का (ब) बिजली उत्पादन का

(स) सिंचाई का (द) उपरोक्त सभी का

14. वाष्पीकरण की प्रक्रिया तीव्र कब होती है?
15. बादल कैसे बनते है?
16. वृष्टि छाया का प्रदेश कैसे बनते हैं?
17. मानसूनी हवाओं की कितनी शाखाएँ होती हैं? उनकी विशेषताएँ भी लिखिए?
18. छत्तीसगढ़ में किन हवाओं से वर्षा होती है?
19. छत्तीसगढ़ के दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के बारे में लिखिए?
20. महानदी की सहायक नदियों के नाम लिखिए?
21. जल का अपव्यय रोकने के लिए आप क्या–क्या उपाय कर सकते हैं?

प्रदत्त कार्य–

1. जल प्रपात का नामांकित चित्र बनाइए?
2. "V" आकार की घाटी का चित्र बनाइए?
3. छत्तीसगढ़ के किन–किन जिलों में सबसे अधिक एवं सबसे कम वर्षा होती है, दिए गए तालिका में लिखिए–

जिले का नाम	अधिक वर्षा	कम वर्षा

4. डेल्टा का चित्र बनाकर नाम लिखिए?
5. अपने राज्य की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के चित्र संकलित करें?
6. जल के अपव्यय रोकने से संबंधित नारे, चित्र, कार्टून का करें?
7. छत्तीसगढ़ के किसी एक बांध परियोजना की जानकारी अधोलिखित बिन्दुओं में दें–

नदी का नाम ....

उद्गम का स्थान/क्षेत्र एवं जिला ....

प्रवाहित क्षेत्र एवं जिले ....

बांध पर आधारित व्यवसाय ....

v/;k; &3
Hk t y Hk.Mkj

1. आग्नेय चट्टान का उदाहरण है–
(अ) संगमरमर (ब) स्लेट पत्थर
(स) बालू (द) ग्रेनाइट

2. ताप व दाब के कारण स्वरूप बदलने वाले चट्टान को कहते है–
(अ) कार्यांतरित (ब) अवसादी
(स) आग्नेय (द) बलुआ या प्रवेश्य

3. भू जल की दृष्टि से छत्तीसगढ. को कितने भागों में बांटा गया है–
(अ) 2 (ब) 3
(स) 4 (द) 5

4. बस्तर के पठार की औसत ऊँचाई है–
(अ) 200 मीटर (ब) 300 मीटर
(स) 400 मीटर (द) 100 मीटर

5. नलकूपों के अधिक उपयोग से जल का स्तर–
(अ) बढ़ रहा है (ब) घट रहा है
(स) स्थिर है (द) अपरिवर्तनीय है

6. ग्रेनाइट चट्टानों को सोखने की क्षमता–
(अ) अधिक होती है (ब) कम होती है
(स) अधिक एवं कम दोनो होती है (द) स्थिर होती है

7. पृथ्वी में पाए जाने वाले चट्टानों के प्रकारों के नाम लिखो?
8. भू जल स्तर किसे कहते हैं?
9. बरसात के दिनों में भूमि का जलस्तर क्यों बढ़ जाता है?
10. हम अपने आसपास के जल को सुरक्षित रखने के लिए क्या–क्या प्रयास कर सकते हैं?
11. पेड़ पौधे भू जल स्तर को बढ़ाने में सहायता प्रदान करते है, कैसे?

प्रदत्त कार्य–

छत्तीसगढ़ का नक्शा लेकर उसे भूजल की दृष्टि से वितरित भागों के अनुसार विभाजित कर उसमें रंग भरे।

v/;k; &4

fnu vkj jkr

1. पृथ्वी को प्रकाश मिलता है–
(अ) स्वयं से (ब) सूर्य से
(स) चन्द्रमा से (द) ग्रहों से

2. पृथ्वी अपने स्थान कितने समय में एक बार घूम जाती है–
(अ) 21 घंटे (ब) 22 घंटे
(स) 23 घंटे (द) 24 घंटे

3. दोपहर के समय पृथ्वी पर सूर्य की किरणें–
(अ) तिरछी पड़ती हैं (ब) सीधी पड़ती हैं
(स) दिखाई नहीं देती (द) धीमी पड़ती है

4. पृथ्वी पर कटिबंधों की संख्या है–
(अ) 3 (ब) 4
(स) 5 (द) 6

5. उष्ण कटिबंध कहते हैं जहां वर्ष भर–
(अ) जहाँ अधिक गर्मी तथा अधिक वर्षा हो
(ब) जहां अधिक ठंड व हल्की गर्मी हो
(स) जहां अधिक ठंड हो
(द) मौसम का पता न हो

6. शीतोष्ण कटिबंध कहते है जहां वर्ष भर–
(अ) अधिक वर्षा हो (ब) जहां साधारण ठंड व हल्की गर्मी हो
(स) जहां अधिक ठंड हो (द) मौसम का पता न हो

7. पृथ्वी व आकाश के मिलन स्थल को कहते है–
(अ) बादल (ब) अंतरिक्ष
(स) आसमान (द) क्षितिज

8. जब हम बस या ट्रेन में सफर कर रहे होते है तब पेड़–पौधे पीछे की ओर भागते क्यों दिखाई देते हैं?
9. क्षितिज किसे कहते हैं?
10. टुण्ड्रा प्रदेश की क्या विशेषताएं होती हैं?
11. पृथ्वी के कटिबंधों के नाम लिखकर उनकी विशेषताएं लिखें?
12. पृथ्वी के अलग अलग हिस्सों में मौसम में अंतर क्यों होता है?
13. पृथ्वी यदि घूमना बंद कर दे तो क्या होगा, सोचकर उत्तर लिखें?

प्रदत्त कार्य–

1. पृथ्वी पर कटिबंधों का चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए तथा उनके नाम भी लिखिए?
2. ग्लोब या नक्शे में देखकर निम्नांकित कटिबंधों में स्थित देशों के नाम लिखिए7

कटिबंध का नाम	**उस कटिबंध में स्थित देश का नाम**
शीत कटिबंध	....
शीतोष्ण कटिबंध	....
उष्ण कटिबंध	....

v/;k; &5
iFoh dh xfr;k

1. पृथ्वी द्वारा सूर्य का एक बार चक्कर लगाने को कहते हैं–
   (अ) धूर्णन गति (ब) परिक्रमण गति
   (स) दैनिक गति (द) इनमें से कोई नहीं

2. पृथ्वी अपने अक्ष पर झुकी हुई है–
   (अ) 23.5 अंश (ब) 45 अंश
   (स) 90 अंश (द) 180 अंश

3. उत्तरी गोलार्ध पर सबसे छोटा दिन व सबसे लम्बी रातें होती है–
   (अ) 22 दिसम्बर (ब) 21 जून
   (स) 23 सितम्बर (द) 21 मार्च

4. जब उत्तरी गोलार्ध में खूब गर्मी पड़ती है तब–
   (अ) दक्षिणी गोलार्ध में गर्मी पड़ती है
   (ब) दक्षिणी गोलार्ध में सूर्यकिरणे सीधी पड़ती हैं
   (स) उत्तरी गोलार्ध में सूर्य की किरणे सीधी पड़ती है
   (द) उत्तरी गोलार्ध में सूर्य की किरणे तिरछी पड़ती हैं

5. जब हमारे देश में गर्मी का दिन होता है तब सूर्य किस गोलार्ध में होता है–
   (अ) उत्तरी गोलार्ध (ब) दक्षिणी गोलार्ध
   (स) मध्य (द) किसी में नहीं

6. पृथ्वी की दैनिक गति एवं वार्षिक गति में क्या अंतर है?
7. जब पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म ऋतु होता है तब दक्षिणी गोलार्ध मे शीत ऋतु क्यों होता है?
8. भूमध्य रेखा से उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुवों की ओर 23.5 अंश पर कौन सी रेखा पाई जाती है, नाम लिखिए?
9. दक्षिणी गोलार्ध पर सबसे बड़ा दिन एवं सबसे छोटी रातें कब पाई जाती है, लिखें?
10. यदि पृथ्वी अपने अक्ष पर न घूमें तो क्या होगा?

प्रदत्त कार्य–

ग्लोब का रेखाचित्र खींच कर उसमें कर्क, मकर एवं विषुवत रेखाओं तथा ध्रुवों को दर्शाइए?

1. पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिकमा का चित्र बनाइए।

v/;k; &6
vÝhdk

1. अफ्रीका महाद्वीप एशिया महाद्वीप के किस दिशा में स्थित है–
(अ) उत्तर (ब) पूर्व
(स) पश्चिम (द) दक्षिण

2. अफ्रीका महाद्वीप की स्थिति के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है–
(अ) अफ्रीका महाद्वीप यूरोप के दक्षिण में स्थित है
(ब) अफ्रीका महाद्वीप एशिया के उत्तर में है
(स) अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिण में एशिया एंव यूरोप महाद्वीप है
(द) अंटार्कटिका के दक्षिण में अफ्रीका महाद्वीप है

3. अफ्रीका महाद्वीप से जाने वाली रेखाए है–
(अ) कर्क रेखा (ब) मकर रेखा
(स) भूमध्य रेखा (द) उपरोक्त सभी रेखाएं

4. निम्न में से कौन से महाद्वीप का विस्तार उतरी एवं दक्षिणी दोनों गोलार्द्ध में है–
(अ) एशिया (ब) उत्तर अमेरिका
(स) अफ्रीका (द) यूरोप

5. अफ्रीका महाद्वीप से संदर्भ में कौन सा कथन असत्य है–
(अ) अफ्रीका महाद्वीप में हजारों मील लंबे चौड़े रेगिस्तान एवं जंगल है।
(ब) अफ्रीका महाद्वीप में सैकड़ों किलोमीटर घास के मैदान है
(स) अफ्रीका में संसार की सबसे लंबी नदी बीती है।
(द) अफ्रीका का उत्तरी भाग सदैव बर्फ से ढँका रहता है?

6. संसार का सबसे बड़ा मरुस्थल है–
(अ) कालाहारी मरुस्थल (ब) सहारा मरुस्थल
(स) थार का मरुस्थल (द) अरब का मरुस्थल

7. सहारा मरुस्थल से होकर बहने वाली नदी है–
(अ) कांगो (ब) जंबेजी
(स) नील (द) नाईजर

8. किलीमंजारो पर्वत स्थित है–
(अ) सूडान (ब) लीबिया
(स) अंगोला (द) तंजानिया

9. नील नदी किस सागर में जाकर मिलती है–
(अ) भूमध्य सागर (ब) लाल सागर
(स) काला सागर (द) पीला सागर

10. निम्न में कौन से ऊँची घास हे जिसमें हाथी भी छिप जाते है–
(अ) सवाना घास (ब) प्रेयरी घास
(स) स्टेपी घास (द) कटीली घास

11. किस देश को नील नदी की देन कहते हैं?
12. अफ्रीका के भूमध्यरेखीय वन से प्रवाहित होने वाली मुख्य नदी का नाम बताइए?
13. सउदी अरब से अफ्रीका आने के लिए कौन सा सागर पार करना पड़ता है?
14. अफ्रीका महा्द्वीप में संसार की किन दो खनिजो की सबसे बड़ी खदाने है
15. अफ्रीका के उन दो बंदरगाहों का नाम बताइए जहाँ से यूरोप निवासी सोना हाथी दांत, और मसाला अपने देश ले जाते थे?
16. उस पुर्तगाली नाविक का नाम बताइए जो अफ्रीका का चक्कर लगाते हुए सबसे पहले भारत पहुंचा?
17. अफ्रीका में सन् 1915 में राष्ट्रपिता महात्मागांधी ने किस नीति के विरुद्ध सत्याग्रह आंदोलन चलाया था?
18. अफ्रीका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति का नाम क्या था?
29. अफ्रीका महाद्वीप के चार झीलों के नाम बताइए?
20. रंग भेद नीति क्या है?
21. अफ्रीका महादीप का मानचित्र देखकर 1 से 4 तक प्रदर्शित नदियों के नाम पहचान कर लिखिए।

v/;k; & 7
;jki

1. **यूरोप महाद्वीप एशिया महाद्वीप के किस ओर स्थित है–**
   (अ) पश्चिम (ब) उत्तर
   (स) दक्षिण (द) पूर्व
2. **यूरोप महाद्वीप को अफ्रीका महाद्वीप से अलग करने वाले सागर का नाम है–**
   (अ) काला सागर (ब) कैस्पियन सागर
   (स) भूमध्य सागर (द) बाल्टिक सागर
3. **जिब्राल्टर जल संधि है–**
   (अ) स्पेन एवं अफ्रिकाके बीच (ब) यूरोप और एशिया के बीच
   (स) इटली एवं अफ्रिकाके बीच (द) यूनान एवं सउदी अरब के बीच
4. **यूरोप के पश्चिम में कौन–सा महासागर है–**
   (अ) प्रशांत महासागर (ब) अंटलांटिक महासागर
   (स) हिन्द महासागर (द) आर्कटिक महासागर
5. **यूरोप की सबसे लंबी नदी है–**
   (अ) यूराल नदी (ब) नीपर नदी
   (स) राईन नदी (द) वोल्गा नदी
6. **पछुआ पवनों के बहने की दिशा होती हे–**
   (अ) दक्षिण से उत्तर की ओर (ब) उत्तर से दक्षिण की ओर
   (स) पूर्व से पश्चिम की ओर (द) दक्षिण पश्चिम से उत्तर पूर्व की ओर
7. **यूरोप महाद्वीप के संबंध में निम्न कथनों में कौन सा कथन सही नहीं है–**
   (अ) यूरोप महाद्वीप का तट अत्यधिक कटा फटा है
   (ब) यूरोप महाद्वीप में उद्योगों का बहुत विकास हुआ है
   (स) उत्तरी यूरोप में भूमध्य सागरीय जलवायु पाई जाती है
   (द) यूरोप के अधिकांश भागों में भूमध्यरेखीय वन है

8. जल संधि किसे कहते है,
9. यूरोप एवं एशिया महाद्वीप के बीच कौन सा पर्वत एव नदी विभाजक का कार्य करती है।
10. यूरोप के दक्षिण में स्थित दो सागरों के नाम बताइए?
11. यूरोप के तीन देशों के नाम बताइए जो तीन ओर से समुद्र से घिरे है
12. यूरोप का पश्चिमी तट उच्च अंक्षाशों में स्थित होते हुए भी नदियों में बर्फ नहीं जमता क्यों?
13. पछुआ पवनें यूरोप की जलवायु को प्रभावित करता है इस कथन की पुष्टि करिए?
14. जलधारा किसे कहते है? जलधाराओं का यूरोप की जलवायु पर क्या प्रभाव पड़ता है? लिखिए
15. पश्चिमी यूरोप में कम ठंड पड़ती है जबकि पूर्वी यूरोप में कड़ाके की ठंड पड़ती है क्यों?
16. यूरोप में जलवायु संबंधी विभिन्नताएँ हैं इस कथन को स्पष्ट कीजिए?

सही संबंध जोड़िए–

(अ)	आल्पस	जलधारा
(ब)	गल्फस्ट्रीम	नदी
(स)	राइन	पर्वत
(द)	बाल्टिक	देश
(ड)	नार्वे	सागर

यूरोप के मानचित्र में निम्नलिखित भौगोलिक तथ्यों को प्रदर्शित कीजिए–

1. तीन ओर समुद्र से घिरा हुआ कोई एक देश नाम सहित।
2. चारों ओर समुद्र से घिरा हुआ कोई एक देश का नाम सहित।
3. चारों ओर स्थलखंड से घिरा हुआ कोई एक सागर नाम सहित।
4. राईन नदी
5. आल्पस पर्वत
6. गल्फस्ट्रीम की जलधारा

प्रदत्त कार्य–

यूरोप महाद्वीप के कोई 10 देशों की सूची बनाकर उनकी राजधानी को नक्शे में दर्शाओ एवं मुद्रा का पता कर लिखों?

भूमध्य सागरीय जलवायु वाले प्रदेशों में मिलने वाले फलों क सूची बनाइये हमारे देश में इन फलों की खेती किन राज्यों में होती है पता कीजिए?

v/;k; &8

Ýkl

1. **फ्रांस की राजधानी है–**
   (अ) पेरिस (ब) लंदन
   (स) वियना (द) लिस्बन
2. **फ्रांस यूरोप के किस भाग में है–**
   (अ) पूर्व (ब) पश्चिम
   (स) उत्तर (द) इनमें से कोई नही
3. **पेरिस किस नदी के किनारे बसा है–**
   (अ) सीन नदी (ब) राईन नदी
   (स) वोल्गा नदी (द) यूराल नदी
4. **पेरिस में एक विशाल मीनार है इसका नाम है–**
   (अ) कुतुब मीनार (ब) पीसा की मीनार
   (स) एफिल टावर (द) चार मीनार
5. **फ्रांस के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है–**
   (अ) फ्रांस पश्चिमी यूरोप का एक बड़ा देश है
   (ब) फ्रांस की सड़कें चौड़ी हैं
   (स) फ्रांस में आम और केले की खेती बड़े पैमाने पर होती है
   (द) फ्रांस में जाड़े का मौसम लंबा होता है
6. **फ्रांस के पश्चिम की और कौन सी खाड़ी है–**
   (अ) बिस्के की खाड़ी (ब) बंगाल की खाड़ी
   (स) मैक्सिको की खाड़ी (द) मन्नार की खाड़ी
7. **फ्रांस में पतझड़ का मौसम होता है–**
   (अ) जून जुलाई (ब) जनवरी फरवरी
   (स) सितम्बर अक्टूबर (द) मार्च–अप्रैल
8. **फ्रांस में गर्मी का मौसम होता है–**
   (अ) जून से अगस्त (ब) सितम्बर से नवम्बर
   (स) दिसम्बर से फरवरी (द) मार्च से मई तक
9. **फ्रांस में शक्कर बनाया जाता है–**
   (अ) गन्ने से (ब) चुकन्दर से
   (स) गाजर से (द) शलजम
10. **फ्रांस में डबल रोटी बनाया जाता है–**
   (अ) गेहूं एवं राई से (ब) धान एवं चना से
   (स) मक्का और जौ से (द) जई और मसूर से
11. **फ्रांस पेट्रोल मंगाता है–**
   (अ) अरब देश से (ब) इंग्लैण्ड से
   (स) जर्मनी से (द) भारत से

12. विश्व में ज्वारीय जल से बिजली बनाने का सबसे बड़ा बिजली घर स्थापित है–

(अ) दक्षिणी फ्रांस के समुद्री तट पर (ब) उत्तरी फ्रांस के समुद्री तट पर

(स) पश्चिमी फ्रांस के समुद्री तट पर (द) पूर्वी फ्रांस में

13. एफिल टावर किस देश में है?
14. फ्रांस किन देशों से कोयला मंगाता है
15. .फ्रांस में एफिल टावर किस खुशी में बनाया गया था?
16. फ्रांस के एक बड़े बंदरगाह का नाम बताइए जो भूमध्य सागर के तट पर स्थित है
17. फ्रांस में सर्दी के मौसम में जानवरों को बाड़ों में रखा जाता है क्यों?
18. फ्रांस में कृषि कार्य गर्मी के मौसम में किया जाता है,क्यों?
19. फ्रांस में बसंत. ऋतु सुहावनी होती है इस कथन के समर्थन में चार तर्क दीजिए?
20. फ्रांस के ग्रीष्म ऋतु एवं शीत ऋतु की तुलना निम्नांकित बिंदुओं में कीजिए–
    1. समय 2. मौसम 3. कृषि पर प्रभाव 4. अन्य विशेषताएं
21. पेरिस एवं उसके सीमावर्ती क्षेत्र में कोई खनिज नहीं मिलता फिर भी उद्योग स्थापित है क्यों?
22. फ्रांस के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित तथ्यों को प्रदर्शित कीजिए–1.मोटर गाड़ी का एक केन्द्र, रोन नदी, मध्य का पठार, कोयला उत्पादक कोई एक क्षेत्र, पिरेनीज पर्वत, इंग्लिश चेनल।

उपरोक्त मानचित्र को ध्यान पूवक देखिए एवं 1 से 6 तक चिन्हांकित तथ्यों को सूची के अनुसार पहचान कर उनका नाम लिखिए–

1 नदी 2 नदी 3 बड़ा शहर 4 बंदरगाह 5 सागर 6 खाड़ी

निम्नांकित चित्र को ध्यान पूर्वक देखकर बताइए–

- यह चित्र किस टावर का है?
- यह टावर कौन से शहर में है
- इस टावर को कब बनाया गया?
- इस टावर को किस खुशी में बनाया गया था

प्रदत्त कार्य–

फ्रांस में उत्पन्न होने वाले कौन–कौन सा फल आपके देश में भी मिलता है उन फलों की सूची बनाइये और उनके तस्वीर को एकत्र कर अपने पोर्टफोलयो में लगाइए।